Government of India

Media Scanning & Verification Cell

Media alert from the Media Scanning & Verification Cell, IDSP-NCDC.

Alert ID	Publication Date	Reporting Date	Place Name	News Source/Publication Language
7668	22.08.2023	22.08.2023	Seoni Madhya Pradesh	www.bhaskar.com/Hindi https://www.bhaskar.com/local/mp/seoni/news/outbreak-of-diarrhea-in-khursipar-village-131721903.html
Title:	**Outbreak of diarrhoea in Khursipar village in district Seoni, Madhya Pradesh**			
Action By CSU, IDSP –NCDC	Information communicated to DSU – Seoni, SSU- Madhya Pradesh			

सिवनी जिले के छपारा विकास खंड के अन्तर्गत आने वाले खुर्सीपार ग्राम में दूषित पानी पीने से लगभग 2 दर्जन लोग बीमार पड़ गए। जिनकों उपचार के लिए छपारा अस्पताल में इलाज भर्ती किया गया। वहीं बाकी लोगों का स्वास्थ्य विभाग की टीम गांव जाकर भी इलाज कर रही है।

बताया जा रहा है कि कुएं के पास मौजूद जो गड्ढे हैं उन में दूषित पानी भरा हुआ है। वह रिस कर कुएं में जा रहा है। जिसके चलते बीमारी फैल रही है। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत खुर्सीपार की ओर से पेयजल प्रदाय करने के लिए जंगल के पास मौजूद एक कुएं से गांव के करीब मौजूद कुएं में पानी लाया जा रहा है।

पानी काफी दूषित है, इसको पीने के बाद लोगों की तबीयत बिगड़ी है और कुआं के आसपास भी गंदगी का आलम है। जिसके चलते लोग दूषित पानी पीने से बीमार पड़ गए। ग्रामवासियों ने यह भी बताया कि 2-3 दिनों से हो रही बारिश के कारण गड्डो व तालाबो में पानी भर गया है। जो रिसकर कुएं के पानी मे मिल रहा है।

2-3 दिनों से क्षेत्र के लोग उल्टी दस्त का शिकार हो रहे है, लेकिन कल अधिक लोग बीमार हो गए। बीमारों में सौरभ सल्लाम उम्र 21 वर्ष, प्रिंस बरमैया 6 वर्ष,दिनेश बरमैया 2 वर्ष, गयावती यादव 245 वर्ष, कुसुम धुर्वे 55 वर्ष, राजेन्द्र डेहरिया 25 वर्ष, सूरज वर्मा 18 वर्ष, शिवकुमार परते 17 वर्ष, शालिनी परते 22 वर्ष, रीता

Save Water- Save Life, Save a tree- Don't print unless it's really necessary!

Disclaimer:- This is a media alert subject to verification.
Integrated Disease Surveillance Programme (IDSP), National Centre for Disease Control,
Ministry Of Health & Family Welfare, Government of India
22-Sham Nath Marg, Delhi – 110 054
For more information please contact: Media Scanning & Verification Cell: - Phone (011)23946029
Email: - idsp-msc@nic.in, idsp-npo@nic.in
Join us on twitter https://twitter.com/IDSP_MSVC

बरमैया 30 वर्ष, छबि मर्सकोले 18 वर्ष, सरिता मर्सकोले शामिल हैं। वहीं पीएचई विभाग की ओर से पानी का सैंपल जांच के लिए लिया गया है।

छपारा अस्पताल के खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर टीएस इनवाती ने बताया कि 20 लोगों को भर्ती किया गया था। जिनमें से 10 लोगों को रात्रि में डिस्चार्ज कर दिया गया है और सुबह भी कुछ लोगों को डिस्चार्ज किया गया है। स्वास्थ्य विभाग की एक टीम आज खुर्सीपार गांव भेजी जाएगी। जिन लोगों को भी उल्टी दस्त की शिकायत होगी, उनका उपचार गांव में ही कर दिया जाएगा। सभी मरीज खतरे से बाहर है।